Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to start Lohna Road to Muktapur new rail line project in Bihar - Laid

श्री कीर्ति आजाद (दरभंगा): समस्तीपुर रेलवे मंडल लोहना रोड मुक्तापुर नई रेल लाइन के लिए आर.ई.टी. सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है । इससे पूर्व गत वर्ष रेलवे अभियंत्रण विभाग ने सर्वे का कार्य पूरा किया । सर्वे में 87 किलोमीटर के रेल खंड में 11 रेलवे स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया है । इसमें लोहना खंड रोड, खतवार, कुसुम, अलीनगर रोड, पाली बिरौल, तिरमुहानी रोड, बहेड़ी सहसराम, खरारी, मुक्तापुर रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है । इस रेलखंड के निर्माण से दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिले के लाखों रेल सुविधा से वंचित लोगों को परिवहन संबंधी समस्याओं से निजात मिल सकेगी । संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की जनता आजादी के बाद से ही पिछड़ेपन का दंश झेल रही है । सर्वे का कार्य संपन्न होने से वे लोग आस लगाए हैं ।

अतः अनुरोध है कि नई रेल परियोजना को बजट में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट किया जाए ताकि इस क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो सके।